**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम मंगलवार के लिये निर्धारित डा० मान सिंह यादव, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-20 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 20 (क) क्या कृषि मंत्री बतायेंगे कि जनपद-अयोध्या के दर्शन नगर में किसान सम्मान निधि के रजिस्ट्रेशन संख्या UP157117469 व UP157009497 एवं अन्य की किसान सम्मान निधि पिछले लगभग 2 वर्षों से नहीं भेजी गयी है? | जनपद अयोध्या में पंजीकरण संख्या UP157117469 जो भारत सरकार के पीएम-किसान पोर्टल पर श्रीमती पार्वती, निवासी- ग्राम रामपुर हलवारा उपरहार, विकासखण्ड पूराबाजार के नाम से दिनांक 28.02.2019 को पंजीकृत है। इनको भारत सरकार द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2019 तथा 11 अप्रैल, 2019 एवं 18 अक्टूबर, 2019 तक कुल तीन किस्तें प्राप्त हुयी है। श्रीमती पार्वती द्वारा दिनांक 29 जुलाई, 2023 को स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन Voluntary Surrender कर देने के कारण लाभ से वंचित है।<br>पंजीकरण संख्या UP157009497 जो भारत सरकार के पीएम-किसान पोर्टल पर श्री रामबाबू, निवासी- ग्राम रामपुर हलवारा उपरहार, विकासखण्ड पूराबाजार के नाम से दिनांक 28.02.2019 को पंजीकृत है। इनको भारत सरकार द्वारा दिनांक 14 मार्च, 2019 से 31 मई, 2022 तक कुल ग्यारह किस्तें प्राप्त हुयी है। श्री रामबाबू द्वारा दिनांक 29 जुलाई, 2023 को स्वयं पोर्टल पर ऑनलाइन Voluntary Surrender कर देने के कारण लाभ से वंचित है। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त आवेदनकर्ताओं को किसान सम्मान निधि प्रदान करायेंगे? | जी हां।<br>लाभार्थी द्वारा जनसेवा केन्द्र अथवा स्वयं से पीएम-किसान पोर्टल पर उपलब्ध Voluntary Surrender Revocation कर पुन: आवेदन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के उपरान्त आवेदन की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त होने पर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्रदान कराया जायेगा। |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

(सूर्य प्रताप शाही)
कृषि मंत्री।